# युवा सिपाही

वर्ष-21 अंक 06
जून-2026
RNI/Regd. No. 22586/DELHIN/2007
मासिक मूल्य 10/-

BLOOD AND FIRE
THE SALVATION ARMY

BEARING THE FRUITS
JOHN 15:5-8
THE SALVATION ARMY
2026
INDIA NORTHERN TERRITORY

## WALKING IN THE LIGHT

VBS
2026

INDIA NORTHERN TERRITORY

"क्योंकि तुम तो पहले अन्धकार थे परन्तु अब प्रभु में ज्योति हो, सो ज्योति की सन्तान की नाईं चलो।" (इफिसियों 5:8)

# Content / विषय सूची

**बुराई को "ना" और परमेश्वर को "हाँ कहना।**
**मेजर राजू मसीह,**
*टैरीटोरियल यूथ सैक्रेटरी, उत्तरी भारत टैरीटरी, नई दिल्ली*

**पिताओं का दिन**
**मेजर अनिल मसीह**
*लिटरेरी ऑफिसर, उत्तरी भारत टैरीटरी, नई दिल्ली*

**रंग भरो**

**शब्द पहेली**

**भूलभुलैया**

**अन्तर ढूँढ़ों**




## Saying No to Wrong & Yes to God

## बुराई को "ना" और परमेश्वर को "हाँ कहना।



प्यारे बच्चों,

***"परमेश्वर के अधीन हो जाओ; और शैतान का सामना करो, तो वह तुम से भाग जाएगा।"*** (याकूब 4:7)

हर दिन हम कई तरह के चुनाव करते हैं – सच बोलें या झूठ, दूसरों की मदद करें या अनदेखा करें, आज्ञा मानें या न मानें। कभी–कभी गलत काम आसान और मज़ेदार लगता है, लेकिन परमेश्वर हमें सही चुनने के लिए बुलाता है।

- ***क्या तुम्हें कभी ऐसा लगा है कि तुम गलत करना चाहते थे, जबकि तुम्हें पता था कि वह गलत है?***

बुराई को "ना" कहने का मतलब है पाप से दूर रहना, प्रलोभन से भागना और मुश्किल होने पर भी परमेश्वर का रास्ता चुनना। बाईबल हमें सिखाती है कि ***"परमेश्वर हमें बचने का रास्ता देता है।"*** (1 कुरिन्थियों 10:13) ***"और हमें बुराई पर भलाई से जय पाना चाहिए"*** (रोमियों 12:21)

परमेश्वर को "हाँ" कहने का मतलब है उसकी बात मानना, उसकी आवाज़ सुनना और सही काम करना। बाईबल कहती है कि यदि हम परमेश्वर से प्रेम करते हैं, तो हम उसकी आज्ञा मानेंगे (यूहन्ना 14:15) और उसके मार्ग पर चलेंगे। (व्यवस्थाविवरण 5:33)

यूसुफ की कहानी हमें सिखाती है कि जब उसे गलत काम करने के लिए कहा गया, तो उसने मना कर दिया और कहा, **"मैं ऐसा पाप परमेश्वर के विरूद्ध कैसे कर सकता हूँ?"** (उत्पत्ति 39:3)




उसने प्रलोभन से दूर भागकर सही चुना। बाद में परमेश्वर ने उसे आशिष दी।

इसी तरह दानिय्येल ने भी गलत बातों को **"ना"** कहा और परमेश्वर को **"हाँ"** कहा। परमेश्वर ने उसे बुद्धि और सम्मान दिया।

आज हमारे जीवन में भी ऐसी स्थितियाँ आती है – जैसे झूठ बोलना, नकल करना, गलत चीज़ें देखना या माता–पिता की बात न मानना। हमें क्या करना चाहिए?



प्रार्थना करें, याद रखें कि परमेश्वर हमें देख रहा है, और हमेशा सही चुनें। 2 तीमुथियुस 2:22, हमें सिखाता है कि बुराई से दूर भागो और धार्मिकता को अपनाओ।

एक बाद एक बच्चे को स्कूल में पैसे मिले। उसके दोस्तों ने कहा, **"रख लो, किसी को पता नहीं चलेगा।"** लेकिन उसने कहा, **"नही, यह मेरा नहीं है"** और वह पैसे शिक्षक को दे दिए। बाद में सबने उसकी तारीफ़ की।

- **सीख : बुराई को "ना" कहना सम्मान दिलाता है।**
- **याद रखें :** गलत रास्ता आसान होता है, लेकिन सही रास्ता आशिष लाता है। परमेश्वर हमेशा हमारी मदद करता है और उसकी आज्ञा मानने से हमें खुशी और शांति मिलती है।

यहोशू 24:15, **"मैं और मेरा घराना यहोवा की सेवा करेंगे।"**

हर दिन हमारे पा दो चुनाव होते हैं – पाप को **"ना"** कहना या परमेश्वर को **"हाँ"** कहना। यूसुफ और दानिय्येल की तरह बनो, और हमेशा परमेश्वर को चुनो।

**प्रार्थना :** ***"हे परमेश्वर, हमारी सहायता कर कि हम बुराई को "ना" और आपको "हाँ" कहें। जब हम प्रलोभन में पड़ें, तो हमें सामर्थ दे।"***

हमें हर बात में आपकी आज्ञा मानने में सहायता कर। यीशु के नाम में, **"आमीन"**

**मेजर राजू मसीह**
*टैरीटोरियल यूथ सेक्रेटरी,*
*उत्तरी भारत टैरीटरी,*
*नई दिल्ली*

## Father's Day पिताओं का दिन




प्यारे बच्चों,

हर साल हम पिताओं का दिन मनाते हैं ताकि अपने पिता का धनयवाद कर सकें। हमारे पिता हमें प्यार करते हैं, हमारी देखभाल करते हैं और सही रास्ता दिखाते हैं। बाईबल हमें यह भी सिखाती है कि, ***"परमेश्वर हमारा स्वर्गीय पिता है जो हमसे अनंत प्रेम करता है।"*** (यूहन्ना 3:16)। जैसे हमारे पिता हमें सिखाते हैं, वैसे ही परमेश्वर हमें अपने वचन से सिखाता है।

एक अच्छा पिता अपने बच्चों को अनुशासन, प्रेम और सुरक्षा देता है। हमारे पिता भी हमें प्रार्थना करना, सच्चाई बोलना और दूसरों से प्रेम करना सिखाते हैं। इसलिए इस पिताओं के दिन पर हमें अपने पिता का सम्मान करना चाहिए और उनके लिए परमेश्वर का धन्यवाद करना चाहिए।



आप अपने पापा को एक छोटा सा कार्ड बना कर दे सकते हैं, उनके साथ प्रार्थना कर सकते हैं और उन्हें **"धन्यवाद"** कह सकते हैं। याद रखें, सबसे बड़ा उपहार है, **"आज्ञाकारी और प्रेमपूर्ण बच्चे बनना"।**




**सोचने के लिए प्रश्न :**

1. *आपके पिता आपको किन अच्छी बातों की शिक्षा देते हैं?*
2. *आप अपने पिता के लिए क्या खास कर सकते हैं?*
3. *परमेश्वर हमारे पिता की तरह हमारी कैसे देखभाल करता है?*
4. *आप अपने पिता के साथ कब प्रार्थना करते हैं?*

**मेजर अनिल मसीह**
*लिटरेरी ऑफिसर*
*उत्तरी भारत टैरीटरी, नई दिल्ली*






*Hello, I am* : **NAME** :..........................................................................................................

**AGE**.................. **CORPS** :................................................ **Division**...............................................

# Father's Day Word Search



| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| R | M | T | H | R | S | J | O | L | E | D | O | B | T | W |
| O | E | C | P | M | Y | U | G | O | J | M | C | N | R | C |
| L | X | S | Z | E | C | N | X | H | Q | A | L | K | O | Q |
| E | R | S | I | M | T | E | E | S | T | F | I | G | P | B |
| M | G | O | I | W | X | R | L | X | Y | S | F | D | P | V |
| O | S | H | T | F | O | O | A | E | E | V | W | X | U | B |
| D | Y | G | P | A | R | E | N | T | B | D | K | J | S | V |
| E | H | Q | T | E | Y | Z | B | B | J | R | A | F | K | T |
| L | Z | B | H | L | N | D | C | P | G | L | A | D | K | D |
| J | W | T | I | A | C | Y | T | L | O | V | E | T | D | J |
| R | A | M | H | B | A | Z | L | V | B | I | J | Z | E | Y |
| F | A | F | R | H | N | F | A | F | V | O | Y | I | A | Q |
| F | I | Q | Q | I | H | D | E | F | E | M | U | E | W | L |
| O | D | V | M | R | W | A | I | R | H | D | U | F | A | N |
| N | E | D | F | S | B | M | N | D | F | N | L | F | T | K |



| | | |
|---|---|---|
| Father | Hero | Family |
| Love | Gifts | Parent |
| Celebrate | Wise | Daddy |
| Role Model | Support | June |



*Hello, I am* **: NAME :......................................................................................................................**

**AGE.................. CORPS :............................................... Division..............................................**

# HAPPY Father's Day



Help the father find his children.





*Hello, I am* : NAME :.......................................................................................................................


AGE.................. CORPS :................................................... Division...............................................



# SPOT THE DIFFERENCES/अन्तर ढूँढ़ों

## SPOT THE DIFFERENCE!

Find 10 differences between the 2 pictures!





*Hello, I am* : NAME :........................................................................................................

AGE.................. CORPS :................................................. Division...............................................




## युवा सिपाही

मुक्ति फ़ौज, उत्तरी भारत टैरिटरी का अधिकारिक अंग

RNI No. : DELHIN/2007/22586

विलियम और कैथरीन बूथ: संस्थापक

लिंडन बकिंघम : जनरल

अन्तर्राष्ट्रीय हेडक्वार्टर्स

101, क्वीन विक्टोरिया स्ट्रीट,

लंदन EC4V 4EH, यू.के.

वनललफेला : *प्रकाशक*

वनललफेला : *टैरिटोरियल कमांडर*

अमरीक मसीह : *संपादक*

मैसी आर्ट प्रेस : प्रिंटिंग प्रेस

युवा सिपाही मासिक प्रकाशित होता है,

एक कॉपी रु. 10.00

वार्षिक अंशदान भारतीय रु. 120.00

मुक्ति फ़ौज, उत्तरी भारत टैरिटरी,

नई दिल्ली

के पक्ष में मनीआर्डर या डिमांड ड्राफ्ट

डाक का पता :

मुक्ति फ़ौज, उत्तरी भारत टैरिटरी

टैरिटोरियल हेडक्वार्टर्स

एच-15 ग्रीन पार्क एक्सटेंशन

नई दिल्ली-110016, भारत

फ़ोन : +91-11-26167764

+91-11-26167763

ईमेल: int.mail@int.salvationarmy.org

int.editor@int.salvationarmy.org

बेबसाइट : www.salvationarmy.org@ind


### हमारा उद्देश्य

*मुक्ति फौज* एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है जो मसीही चर्च का एक अभिन्न अंग है, जिसकी आत्मिक प्रेरणा एक सुसमाचार, सामाजिक, शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवकाई में व्यावहारिक अनुप्रयोग है।

इसका लक्ष्य सभी लोगों को पवित्र-शास्त्र के माध्यम से खोजे गए और दूसरों के साथ शांति और सद्भावना में पवित्र जीवन द्वारा प्रदर्शित जीवित मसीह के साथ संबंधों में जीवन की पूर्णता प्राप्त करने में मदद करता है।



BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT BHULLE CHACK CORPS, GURDASPUR DIVISION



BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT HAYAT NAGAR CORPS, GURDASPUR DIVISION



BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT CENTRAL CORPS, AMRITSAR DIVISION



BIBLE ORATORICAL CONTEST
AT AMRITSAR DIVISION



INTERNATIONAL DAY OF YOUTH AND CHILDREN
AT DAUWAL CORPS, MUKERIAN DIVISION



INTERNATIONAL DAY OF YOUTH AND CHILDREN
AT JANDWAL CORPS, MUKERIAN DIVISION




INTERNATIONAL DAY OF YOUTH AND CHILDREN
AT DELHI CITADEL CORPS, CHANDIGARH DIVISION



JUNIOR HOME LEAGUE MEETING
AT AMRITSAR DIVISION

*संस्थापिक* : विलियम बूथ जनरल : लिंडन बकिंघम, 101, क्वीन विक्टोरिया स्ट्रीट, लन्दन
स्वामी तथा प्रकाशक व मुद्रक : वनललफेला द्वारा : मैसी आर्ट प्रेस, आर.जेड. 317/20, तुगलकाबाद एक्स., नई दिल्ली-110019 से
मुद्रित : मुक्ति फौज, उत्तरी भारत टेरीटरी, एच-15, ग्रीन पार्क एक्स., नई दिल्ली-110016 संपादक : अमरीक मसीह, एच-15, ग्रीन पार्क एक्स., नई दिल्ली-110016
से मुद्रित व मुक्ति फौज, उत्तरी भारत टेरीटरी, एच-15, ग्रीन पार्क एक्स., नई दिल्ली-110016 से प्रकाशितअ त.एन.आई. पंजीकृत सं. : DELHIN/2007/22586